तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

10 5 लाख का इनामी एसीएम थाती उंगी समेत ...

11 विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर फसल ....




B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

# महिलाएं पौधों को पेड़ होने तक देंगी सुरक्षा, 900 ट्री गार्ड लगाए

## स्व-सहायता समूहों की 3-3 महिलाएं मिलकर 100-100 पौधों की जिम्मेदारी सम्भालेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्रवीर वार्ड के पुराने पुल क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई है। नगर निगम ने इसके लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराए हैं, ताकि पौधे सुरक्षित रह सकें और इनकी हरियाली लंबे समय तक कायम रहे।

कार्यक्रम के तहत तय किया गया है कि प्रत्येक स्थान पर 300 पौधे लगाए जाएंगे। महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष और सदस्य मिलकर इन पौधों की देखभाल करेंगी। विशेष व्यवस्था के अंतर्गत तीन महिलाएं मिलकर 100-100 पौधों की जिम्मेदारी निभाएंगी। इस तरह हरियाली की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों में होगी। शहर के तीन प्रमुख स्थानों महाराणा प्रताप वार्ड (पुराना डंपिंग यार्ड), कृष्ण कुंज और इंद्रावती नदी किनारे 900 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। सभी ने यह संकल्प लिया कि पौधे सिर्फ लगाए ही नहीं जाएंगे, बल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी।

### पौधारोपण केवल खानापूर्ति नहीं

महापौर ने कहा यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अक्सर पौधारोपण कार्यक्रम सिर्फ एक औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। पेड़ लग जाते हैं लेकिन उनकी देखभाल न होने से वे सूख जाते हैं। मगर वुमन फॉर ट्री अभियान ने इस समस्या का समाधान ढूंढ निकाला है। महिलाओं को पौधों की संरक्षक बनाना एक दूरदर्शी कदम है। इससे महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का अवसर मिलेगा साथ ही हरियाली भी पनपेगी।



### प्रकृति की रक्षा के लिए सबका योगदान जरूरी

महापौर ने कहा यह पहल केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को यह संदेश देती है कि प्रकृति की रक्षा तभी संभव है जब जिम्मेदारी हर नागरिक के हाथ में हो। यह मॉडल न केवल जगदलपुर बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा बन सकता है। यदि हर शहर में महिलाएं इस तरह हरियाली की संरक्षक बनें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरा-भरा वातावरण मिल सकेगा।

## बस्तर में बारिश व बाढ़ से 130 पोल टूटने से 147 गांव में बिजली बंद

# विद्युत कर्मियों ने 134 गांव में बिजली किया बहाल पर 13 गांव अब भी अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर में भारी बारिश और बाढ़ ने बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप 130 बिजली के पोल गिर गए और 147 गांवों की बिजली गुल हो गई, जिससे विद्युत कंपनी को लगभग 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस स्थिति के कारण बिजली की मरम्मत और बहाली के प्रयासों में बाधा आ रही है, क्योंकि कई स्थानों पर पानी भरा हुआ है और दुर्गम है। हालांकि प्रभावित 147 गांव में से अब तक 134 गांव में बिजली बहाल हुई और 13 गांव में प्रभावित बिजली को सुधारने में कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं के नेतृत्व में विद्युत कर्मचारी जुटे हुए हैं। बिजली सुधारने के कार्य का कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 26 अगस्त को तेज बारिश एवं बारिश से बस्तर जिले में 33 केव्ही के 6 पोल, 11 केव्ही के 61 पोल जर्जर होने से 91 गांव में बिजली प्रभावित हुई। साथ ही दंतेवाड़ा जिले में 33 केव्ही के एक पोल एवं 11 केव्ही के 62 पोल जर्जर हुए और 56 गांव की बिजली बंद हुई। सूचना मिलते ही विद्युत कंपनी की टीम ने अब तक 134 गांव में बिजली बहाल किया और 13 गांवों की बिजली लाईन एवं नए पोल लगाने का कार्य जारी है। रविवार की शाम तक सभी प्रभावित गांव फिर से रोशन होंगे।

- कंपनी को हुआ 50 लाख का नुकसान, प्रभावित गांव में बिजली बहाल करने में जुटे विद्युत कर्मी





### चरमराई विद्युत व्यवस्था

दरभा ब्लॉक के अंतर्गत कोलेंग के ग्रामीण उपभोक्ताओं ने कहा कि इस बार ऐसी बारिश हुई कि पेड़ एवं पेड़ की डगाले विद्युत लाईन में गिरने से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। इसके चलते गांव में तीन दिन से बिजली बंद रहने से परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### शीघ्र करें बिजली बहाल

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया कि प्रभावित गांवों में बिजली बहाल शीघ्र करें।

# वित्तमंत्री का पुतला फूंकने से पहले पुलिस ने किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

रायगढ़ के चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों और कवियों की उपेक्षा पर आज आम आदमी पार्टी ने शनिवार को शहर के गोल बाजार चौक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी और कवि कुमार विश्वास का पुतला दहन करने का प्रयास किया,लेकिन बड़ी संख्या में तैनात पुलिस जवानों ने आप कार्यकर्ताओं से पुतला को जलने के पहले ही बलपूर्वक अपने कब्जे में कर लिया। जिसके बाद आप कार्यकर्ताओ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने कहा कि चक्रधर समारोह मात्र राजनीतिक दिखावे का आयोजन बनकर रह गया है। विश्व के कोने-कोने में छत्तीसगढ़ की पहचान दिलाने वाले पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे की विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की थी। छत्तीसगढ़ में अनेक कवि और लोक कलाकार हैं जो सुरेंद्र दुबे की ही तरह प्रतिभावान हैं,जिनकी उपेक्षा कर सरकार ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता का अपमान किया है। चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान कवियों और लोक कलाकारों को ना बुलाकर बाहरी ▶▶ शेष पेज 10 पर

- आप कार्यकताओं ने सरकार के विरोध में की जमकर नारेबाजी

## खबर संक्षेप



### संत रामपाल के शिष्यों ने मांदर में सामान बांटे

**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में लगातार बारिश और बाढ़ से मांदर गांव का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीण अपने उजड़े घरों से बेघर होकर खुले में दिन काट रहे हैं। इस संकट की घड़ी में संत रामपाल महाराज के शिष्य पहुंचाने गांव पहुंचे । घर-घर जाकर पीड़ितों का हाल जाना और राशन, कपड़े, बर्तन और तिरपाल उपलब्ध कराई गई। बस्तर क्षेत्र और आसपास के गांवों से आई सर्वसंगत ने इस मुहिम में सहयोग दिया। अनुयायियों ने बताया कि संत रामपाल महाराज का संदेश है मानव सेवा ही सच्ची भक्ति है। इसी भावना से प्रेरित होकर यह सेवा कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में स्टेट कोऑर्डिनेटर दुष्यंत साहू संभागीय कोऑर्डिनेटर गणपत सेठिया, जिला कोऑर्डिनेटर दिनेश नाग, जयपाल सेठिया एवं अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

### रेडियो में बिहान दीदियों की सफलता का प्रसारण आज

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों, उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का 31 अगस्त को शुभारंभ किया जा रहा है। इस विशेष श्रृंखला का पहला प्रसारण दोपहर 12.15 बजे आकाशवाणी के सभी केंद्रों से होगा। कार्यक्रम के पहले प्रसारण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बिहान दीदियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपनी प्रेरणादायी सफलता की कहानियां साझा करेंगी।

### ज्योति नर्सरी गणेशोत्सव में आज होगा भंडारा

**जगदलपुर।** ज्योति नर्सरी में भगवान गणेश की स्थापना की गई है। पांचवें दिन 31 अगस्त को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जो दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।



### 5 आकस्मिक उद्घोषकों का किया गया सम्मान



**जगदलपुर।** आकाशवाणी के 5 आकस्मिक उद्घोषक उत्तर प्रदेश के बागपत के अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन में सम्मानित किये गए। इस अवसर पर पुराने व नियमित श्रोताओं का भी सम्मान किया गया। सम्मेलन के आयोजक संजय ढींगिया और उनकी टीम ने कहा कि यहां आने वाले श्रोता रेडियो के दीवाने हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में श्रोता पहुंचे । उन्होंने कहा कि रेडियो का महत्व व्यापक है। ये केवल मनोरंजन ही नहीं समाज, शिक्षा और संस्कृति का भी महत्व पूर्ण साधन है। इस सम्मान समारोह में आकाशवाणी की आकस्मिक उद्घोषक गायत्री ▶▶ शेष पेज 10 पर

# एजुकेशन सिटी जावंगा के कला उत्सव उद्भव को विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत व नाटक से संवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के सांस्कृतिक, साहित्यिक एवम कला उत्सव उद्भव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एजुकेशन सिटी जावंगा के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवम कला उत्सव उद्भव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान दंतेवाडा के सभी ब्लॉक गीदम, दंतेवाडा, कटेकल्याण और कुआकोंडा के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवम कला की गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान सामूहिक नृत्य, सामूहिक गीत, नाटक, एकल गीत, एकल नृत्य, चित्रकला, श्लोक, पोयम, वाद विवाद, स्पेल बी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ब्लॉक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की। अतिथियों ने बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ सभी विधाओं को सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां हमे अपने क्षेत्र और समाज से जोड़े रखती है। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी संभाग स्तर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला स्तर पर सांस्कृतिक, साहित्यिक एवम कला उत्सव प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को ▶▶ शेष पेज 10 पर

- अनूठे संगम का गवाह बना एजुकेशन सिटी जावंगा





# क्रिकेट अंडर-19 के लिए चुने गए 30-30 खिलाड़ी

**जगदलपुर।** आज बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 वर्ग का ट्रायल नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। ट्रायल के समय स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अजय तिवारी उपस्थित रहे। ट्रायल में 63 खिलाड़यों ने भाग लिया। जिसमें से चयनकर्ताओं ने 30-30 खिलाड़ियों का चयन किया । 5 घन्टे चले ट्रायल में खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फिटनेस एवं तकनीक को ध्यान में रखते हुए श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया। स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 वर्ग की प्रतियोगिता 4 अक्टुबर से की जाएगी। बस्तर जिला क्रिकेट संघ 15 सितंबर से 30 सितंबर तक प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन ▶▶ शेष पेज 10 पर

स्थानीय विधायक ने रेलमंत्री को मांग पत्र सौंपा

# ओडिशा के कोरापुट में उठा भुवनेश्वर तक दिन में यात्री ट्रेन चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दो दिन पहले कोरापुट के भाजपा विधायक रघुराम मच्छा ने दिल्ली में केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को कोरापुट से भुवनेश्वर के बीच दिन के समय एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग करते ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रेलमंत्री को कोरापुट के आमजनों द्वारा सौपे मांग पत्र रेलमंत्री को दिया। रेलमंत्री ने जल्द इस मांग को अमल में लाने का आश्वासन दिया। विदित हो कि कोरापुट ज़िले के निवासी लंबे समय से भुवनेश्वर के लिए सीधी दिन के समय ट्रेन सेवा की मांग कर रहे हैं। खासकर ऐसे वर्ग जिन्हें बारबार राजधानी भुवनेश्वर जाने की आवश्यकता होती है। इनमें छात्र,सरकारी कर्मचारियों और मरीजों को राज्य की राजधानी तक आना-जाना होता है। लेकिन वर्तमान में इस मार्ग पर अधिकतर ट्रेनें देर रात या असुविधाजनक समय पर चलती हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है और खासकर महिलाओं व बुजुर्ग यात्रियों के लिए सुरक्षा संबंधी चिंता बनी रहती है।







### जनप्रतिनिधि होने के नाते उठाई मांग

विधायक ने कहा कोरापुट के निवासी लगातार दिन में ट्रेन सेवा की मांग कर रहे हैं। उनके प्रतिनिधि के रूप में मैंने यह मुद्दा रेल मंत्रालय के समक्ष रखा है और मंत्री ने मुझे आश्वासन दिया है कि जल्द ही कोरापुट और भुवनेश्वर के बीच दिन की ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी।

### जैपुर से भुवनेश्वर के बीच वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ होने के संकेत

कुछ दिन पूर्व ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी जैपुर प्रवास पर थे। उन्होंने जैपुर के कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद वाहिनिपति की मांग पर आश्वस्त करते कहा हमने पहले से जैपुर से भुवनेश्वर के मध्य वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ करने रेलमंत्री को पत्र सौपा था। रेलमन्त्री ने शीघ्र वन्देभारत ट्रेन चलाने आश्वासन दिया है।

## प्रभारी सचिव ने ली बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक

# क्षति का आंकलन कर बाढ़ पीड़ितों को शीघ्र सहायता राशि करें जारी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण एवं क्षति का आंकलन शीघ्र पूरा किया जाए और प्रभावितों को तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए। प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी प्रभावित परिवार राहत और सहायता से वंचित न रहे। बस्तर जिले के प्रभारी सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा कि पूर्णतरू मकान क्षति के प्रकरणों में आर बी सी 6-4 के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए आगामी दो दिनों में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रभावितों को बॉस बल्ली का वितरण करें ताकि मकान बनाने के लिए सहयोग हो। इसके अलावा फसल हानि का सर्वे करने के निर्देश दिए । राहत शिविरों में भोजन की व्यवस्था लगातार करें और उचित मूल्य की दुकानों में राशन की अतिरिक्त आबंटन कर उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और मेडिकल कैंप स्थापित कर लोगों को आवश्यक उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध करवाई जाए। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उल्टी दस्त और स्वच्छता संबंधी बीमारियों की संभावना बनी रहती है इस हेतु कार्य योजना बनाकर एक माह तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाए। सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर रखें ताकि भविष्य की तैयारी कर रखें। अर्ली मॉनिटरिंग की व्यवस्था को सक्रिय किया जाए ताकि बारिश से पहले प्रभावित इलाकों के ▶▶ शेष पेज 10 पर



### क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल पुलिया की समीक्षा

उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल पुलिया का समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क से बारह मासी आवागमन सुचारू रहे, विशेषकर सुकमा,दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों से होकर गुजरने वाले सड़क हमेशा कनेक्ट रहना चाहिए। बाढ़ से प्रभावित सड़को के कटे हुए हिस्से को तत्काल दुरुस्त करवाएं, साथ ही बहाव क्षेत्र के सड़कों का स्थाई समाधान किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य के साथ प्रोटेक्शन वर्क को भी जोड़कर प्रस्ताव तैयार करें। बाधित विद्युत व्यवस्था वाले गाँव में भी रिस्टालेशन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करें, पीएचई विभाग को पेयजल आपूर्ति बनाए रखने तथा जल शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए।

# खेल दिवस की 400 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में एचवाय कुकड़े रहा अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुरू तीन दिवसीय खेल स्पधार्ओं की श्रृंखला में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को प्रियदर्शिनी स्टेडियम में वरिष्ठ नागरिकों का पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिसके तहत 400 मीटर पैदल चाल स्पर्धा पुरूष वर्ग में एचवाय कुकड़े ने प्रथम, दीपक नाथन ने द्वितीय तथा रामनाथ ईश्वर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में पदमिनी मौर्य ने प्रथम, कलावती मौर्य ने द्वितीय और मनीता राज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इसके पश्चात 8 से 17 वर्ष आयु समूह के बालक एवं बालिका वर्ग का कराते स्पर्धा सम्पन्न हुई। जिसमें 8 वर्ष, 10 वर्ष, 12 वर्ष, 14 वर्ष और 14 से अधिक आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने कराते में अपनी प्रतिभा दिखाया। आज हुए कराते प्रतियोगिता के परिणाम में 8 वर्ष बालिका वर्ग-प्रथम ▶▶ शेष पेज 10 पर

- कराते में एंजल और शिवेश रहे प्रथम

## खबर संक्षेप



### पीटीआई के घर में घुसा सैंडबोआ

**फरसगांव।** नगर में आदर्श कॉलोनी में पीटीआई जागृति पटेल के घर में एक विशालकाय सैंडबोआ सांप घुस गया। जागृति पटेल जब अपने किचन रूप में गई तो देखा तो एक कोने में विशालकाय सांप था। वह डर गए। उन्होंने तुरंत अपने विभाग के कर्मचारी दोस्तो को जानकारी दी। जिसके एक नहीं बल्कि नगर के तीन स्नेक कैचर तत्काल मौके पर पहुंचे। जहां सीनियर स्नेक कैचर धीरज सागर और सन्नी ठाकुर के साथ गोलू यादव तीनों ने मिलकर विशालकाय सैंड बोआ सांप का सफल रेस्क्यू कर जंगल में ले जाकर उसे छोडा है।

### बकली में अखण्ड रामधुनी 17 सितंबर से

**सिर्री।** ग्राम बकली में पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता 17 सितंबर से आयोजित की गई है जिसमें ख्यातिप्राप्त जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली डोकला चारामा, जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा छाती, दीप्ति रामधुनी मंडली रानीतराई पाटन, संगम रामधुनी सुपेला भखारा, सिया के राम लोककला रामधुनी सोहतरा बालोद, मोर छत्तीसगढ़ अंचल रामधुनी मंडली बानगर कुरूद, तुलसी के वाणी लोक संस्कृति रामधुनी मंडली उड़ेना छाती, जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा, नव ज्योति आदर्श रामधुनी मंडली जगन्नाथ बालोद।

# 3 सितंबर को खुलेगा मां लिंगेश्वरी मंदिर का द्वार, मंदिर में प्रवेश प्रतिबंधित, बाहर से ही होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

साल में एक बार खुलने वाला आलोर की पहाड़ी गुफा पर स्थित मां लिंगेश्वरी मंदिर इस साल 03 सितंबर 2025 दिन बुधवार को खुलेगा । जिसका निर्णय मंदिर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा बैठक कर लिया गया हैं । आपको बतादें देवताओं की धार्मिक आस्था के लिए पूरे विश्व में प्रख्यात बस्तर की

■ आस्था का केंद्र है बस्तर की पहाड़ियों पर स्थित यह गुफा मंदिर

खूबसूरत वादियों में शिवलिंग के अवतार में माता लिंगेश्वरी विराजमान है जो कोंडागांव



जिले के फरसगांव ब्लॉक के ग्राम झाटीबन आलोर के पहाड़ों के बीच एक गुफा में मां लिंगेश्वरी विराजमान है, जहां हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त अलग-अलग राज्यों से मन्नत की कामना लिए दर्शन करने आते हैं। अधिकांश निसंतान दंपती संतान की प्राप्ति के लिए माता के दर्शन करने आते हैं।इस वर्ष भी मंदिर में भक्तों का प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है, श्रद्धालुओं को मंदिर के बाहर से ही माता के दर्शन करने होंगे। श्रद्धालुओं को माता लिंगेश्वरी मेला का बड़ी बेसबरी से इन्जार रहता है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना लिए माता के दर्शन को पहुचते है। मंदिर खुलने से एक दी पहले ही मंदिर के नीचे श्रद्धालुओं की भीड़ लगा जाती है।

## सरेंडर : मुलगु एसपी के समक्ष समर्पित नक्सलियों में चार महिलाएं

# 5 लाख का इनामी एसीएम थाती उंगी समेत सात नक्सलियों का तेलगांना में आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग के बीजापुर जिला निवासी सक्रिय पांच लाख के ईनामी एरिया कमेटी मेंबर थाती उंगी समेत 7 नक्सलियों ने तेलगांना में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में चार महिला नक्सली भी शामिल है। सभी ने मुलगु एसपी के समक्ष बिना हथियार के समर्पण किया। तेलगांना स्टेट में चलाए जा रह रहे गांव वापस आ जाओ अभियान के तहत नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। समर्पित नक्सलियों में एक एसीएम के अलावा 3 पार्टी मेंबर, 1 आरपीसी अध्यक्ष, 1 मिलिशिया मेंबर व 1 सीएनएम मेंबर शामिल है। समर्पित नक्सलियों को 25-25 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया वहीं 7 लाख रूपए उनके खाते में जमा किया जाएगा। समर्पित नक्सलियों में एसीएम थाती उंगी उर्फ राजे 35 वर्ष निवासी ग्राम दमावरम उसूर ब्लॉक थाना पामेड़ जिला बीजापुर के अलावा कोडमे सुक्कू 35 वर्ष चेरपाल, सोड़ी भीमे 20 वर्ष उसूर, कुंजम

■ दो लाख के इनामी समेत 4 नक्सली सुकमा में बम के साथ गिरफ्तार



वरालक्ष्मी 18 वर्ष नीलामडगू, पद्म जोगा 55 वर्ष पुजारी कांकेर, कोरसा पयिकी 34 वर्ष व सोड़ी आदमा 40 वर्ष शामिल हैं। एसपी ने बताया कि मुलगु जिले में जनवरी 2025 से अब तक 80 माओवादी सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया है। माओवादी संगठन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। निचले स्तर के कैडर नेतृत्व का विरोध कर रहे हैं। आदिवासी ग्रामीणों की ओर से सहयोग बंद करने से माओवादियों को भोजन की आपूर्ति में भी कठिनाई हो रही है। 90 प्रतिशत से अधिक कैडर गरीब आदिवासी हैं जो अब विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।




### दो लाख के इनामी समेत चार नक्सली विस्फोटक के साथ गोगुण्डा में गिरफ्तार

सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ईनामी समेत चार नक्सलियों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। केरलापाल पुलिस बल एवं डीआरजी ब्रेवो की संयुक्त टीम शुक्रवार को नक्सल आपरेशन में सामसट्टी व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान ग्राम सामसट्टी के पगडण्डी रास्ते के पास 4 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से 2 टिफिन बम, 4 डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन रॉड व अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों में गोगुण्डा पंचायत मिलिशिया कमाण्डर 2 लाख का ईनामी मुचाकी देवा के अलावा मुचाकी गुड्डी उर्फ महेश, सोड़ी हिड़मा व सोड़ी देवा शामिल है।

# छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर बच्चों ने किया सामूहिक पुस्तक वाचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, रजत जयंती महोत्सव 2025–26 के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में आज प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में सामूहिक पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया।

■ दादी की झाड़ू कहानी ने बच्चों को किया आकर्षित

प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बताया कि मुस्कान पुस्तकालय के अंतर्गत बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए रोज कहानी और कविताओं का वाचन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के मोबाइल युग में बच्चों को



किताबों से जोड़ना बहुत जरूरी है ताकि उनमें विचार और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ सके। पुस्तक वाचन दिवस पर, शिक्षिका मधु तिवारी द्वारा लिखी गई कहानी दादी की झाड़ू बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने इसे बहुत ही उत्साह के साथ पढ़ी। यह कहानी खास थी क्योंकि इसे उनकी अपनी शिक्षिका ने लिखा था। यह गौरतलब है कि शिक्षिका मधु तिवारी की कई बाल उपयोगी कहानियों और कविताओं को छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के सभी प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के लिए भेजा है।

# हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आयोजित हुआ प्रदर्शनी दिवस

## विद्यालय विकास से जुड़ी प्रदर्शनी का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में सोमवार, 30 अगस्त 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे राज्य जयंती महोत्सव 2025–26 के अंतर्गत विद्यालय विकास से संबंधित प्रदर्शनी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्रओं के साथ–साथ सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में विद्यालय के विकास कायोंर्, शैक्षिक उपलब्धियों, सांस—तिक गतिविधियों और बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत किए गए। इसमें छात्रें ने विज्ञान, पर्यावरण, कला एवं सामाजिक विषयों पर आकर्षक प्रदर्शनियाँ लगाईं, जिन्हें देखकर आगंतुकों ने छात्रें की मेहनत और प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में शामिल अभिभावकों ने विद्यालय की प्रगति और बच्चों की सक्रिय भागीदारी को देखकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ता है।



### शिक्षकों और छात्रें का संयुक्त प्रयास

प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों व छात्रें की संयुक्त मेहनत रही। छात्रें ने न केवल मॉडल और चित्रकला प्रस्तुत किए बल्कि विद्यालय विकास के विभिन्न पहलुओं को मंच से समझाकर भी दिखाया।

### विद्यालय प्रमुख ने दिया संदेश

विद्यालय प्रमुख मुकेश सैमसन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रदर्शनी केवल बच्चों की प्रतिभा दिखाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विद्यालय की प्रगति और समाज की भागीदारी का भी प्रतीक है। आने वाले समय में भी विद्यालय को शिक्षा और विकास के हर क्षेत्र में ऊँचाइयों तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य है।

### बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

इस प्रदर्शनी ने न केवल बच्चों को अपनी क्षमताओं को दिखाने का अवसर दिया, बल्कि अभिभावकों और समाज को विद्यालय के निरंतर विकास से भी अवगत कराया। यह आयोजन निश्चित रूप से छात्रें के लिए प्रेरणादायी रहा और राज्य जयंती महोत्सव के उत्साह को और भी बढ़ा गया।

# दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण आज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ 31 अगस्त 2025 को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ग्रामीण महिलाओं को विशेष संदेश देंगे। उनका यह प्रेरणादायी संदेश महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। दीदी के गोठ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है।

■ ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की नई पहल

### लखपति दीदियों की प्रेरणादायी कहानियां

कार्यक्रम में स्व–सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियाँ भी साझा की जाएंगी। जिन्होंने संघर्ष और कठिनाइयों को पार कर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर न केवल आर्थिक मजबूती पाई, बल्कि समाज में नई पहचान बनाई। आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनका जीवन बिहान योजना से बदला है। रेडियो के माध्यम से इन दीदियों की कहानियाँ हर गाँव और हर घर तक पहुँचेंगी। इसका उद्देश्य अन्य महिलाओं को प्रेरित करना और उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर करना है।

### सामूहिक श्रवण की व्यवस्था

कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पंचायत, ग्राम संगठन और संकुल संगठन स्तर पर सामूहिक श्रवण की व्यवस्था की गई है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय समुदाय और स्व–सहायता समूह की महिलाएँ विशेष रूप से शामिल होंगी। सामूहिक श्रवण से ग्रामीण क्षेत्रें में आपसी संवाद, चर्चा और प्रेरणा का वातावरण बनेगा। दीदी के गोठ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। इसका उद्देश्य महिलाओं की आवाज को समाज तक पहुँचाना, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को सामने लाना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की ओर प्रेरित करना है।

# लोकगायिका आरू साहू का कल फरसगांव में कार्यक्रम

## लगातार चौदह वर्षों से समिति द्वारा किया जा रहा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर इस वर्ष भी नगर के जनपद स्कूल मैदान में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा विशालकाय पंडाल मे भव्य रूप से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित किया गया। जनपद स्कूल मैदान में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के

■ जनपद स्कूल मैदान में विशालकाय पंडाल मे विराजे विघ्नहर्ता भगवान गणेश




अनुसार यह उनका चौदहवां वर्ष है, इनके द्वारा हर वर्ष भांति भव्य रूप से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना किया गया। पंडाल में समिति द्वारा सुबह शाम भगवान गणेश की पूजा अर्चना की जा रही है। समिति द्वारा हर वर्ष विभिन्न विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जैसे रामायण, रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी नाच, ओर्केस्ट्रा, जगराता, झांकी, बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता के साथ साथ अन्य कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष समिति द्वारा एक सितंबर सोमवार को छग सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति द्वारा इस कार्यक्रम के लिए प्रचार प्रसार माध्यम से क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम को देखने आमंत्रित किया जा रहा है ।

# एनएचएम कर्मचारियों ने निकाली लंबी मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ, इकाई कोण्डागांव के बैनर तले आज कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डी एन के ग्राउंड से मशाल रैली निकाली। यह रैली जय स्तम्भ से होते हुए अंबेडकर चौक पर जाकर समाप्त हुई। संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन सीआर में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, आनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा। रैली में बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।





## महंगे ब्रांड के फोन भी शामिल, सीमावर्ती राज्यों से की गई बरामदगी

# कोण्डागांव पुलिस ने लौटाए 25 लाख के गुम मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के नेतृत्व में कोण्डागांव साइबर सेल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गुम हुए मोबाइलों की रिकवरी अभियान चलाया। मात्र एक माह के भीतर टीम ने 115 मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। बरामद मोबाइलों की बाजार कीमत लगभग 25 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल ने विशेष अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं डीएसपी सतीष कुमार भार्गव के मार्गदर्शन में टीम ने विभिन्न जिलों व सीमावर्ती राज्यों उड़ीसा, महाराष्ट्र और तेलंगाना से मोबाइलों की तलाश की।

■ अब तक 1500 से अधिक मोबाइल मालिकों को मिल चुका है उनका खोया फोन



### आईफोन, वनप्लस, सैमसंग जैसे महंगे मोबाइल बरामद



बरामद मोबाइलों में आईफोन, वनप्लस, वीवो, रेडमी और सैमसंग जैसी महंगी कंपनियों के सेट भी शामिल हैं। इन मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। कोण्डागांव पुलिस अब तक कुल 1500 से अधिक गुम मोबाइल रिकवर कर उनके मालिकों तक पहुंचा चुकी है। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है। मोबाइल वापस पाकर कई मालिकों ने कहा कि उन्होंने दोबारा अपना मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन कोण्डागांव पुलिस ने उनकी उम्मीदें फिर से जगा दीं।

### रिकवरी अभियान के साथ जनजागरूकता भी

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने लोगों से अपील की कि अगर किसी को गुम मोबाइल मिलता है तो वह नजदीकी थाने में जमा करें। उन्होंने बिना बिल के मोबाइल खरीदने से बचने की सलाह दी और साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही लोगों को याद दिलाया गया कि साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 या साइबर पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज करें। मोबाइल रिकवरी अभियान में साइबर सेल के निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सागरबती सोरी, लूमन सिंह भण्डारी, जितेन्द्र मरकाम, चौतराम मरकाम, बीजू यादव, मनोज पोयाम, कृष्णा नेताम, मनीष बोस, मनोज मरकाम, लखुराम मरकाम एवं रमेश बर्मन ने अहम भूमिका निभाई।

## पेज 9 के शेष

### वित्तमंत्री का पुतला ....

राजनीतिक व्यक्तियों को समारोह में बुलाकर उन्हें युग कवि कहा जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लू भवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता के अपमान को आम आदमी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। मंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ की जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए। इस दौरान आरती पटनायक, सरपंच जोगा राम पोयम, राकेश कश्यप,राहुल बघेल,आवेश खान,मुकेश लहरें, संजय कुमार,गुड्डी पोयम समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एजुकेशन सिटी जावंगा ....

सभी संस्था प्रमुखों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रतिभा देखकर सभी उपस्थित अतिथि और निर्णायक मंडल के सदस्य प्रसन्न हुए और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। कला और प्रतिभा का प्रदर्शन का अवसर : नोडल प्राचार्य कुलदीप सिंह ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक अद्वितीय अवसर है, जिसमें वे अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन होते रहेंगे जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। दंतेवाड़ा विद्यालय के प्राचार्य डॉ दीपक सिंह ने समापन भाषण दिया और विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गीदम विद्यालय ऑल ओवर चैंपियन रहा। इस दौरान जनप्रतिनिधि, शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### क्रिकेट अंडर-19 ....

करेगा। जहां सलेक्शन मैच आयोजित किया जाएगा। जिसके आधार पर अंतिम 15-15 खिलाड़ियों की सूची तैयार की जाएगी। आज चयनकर्ता प्रदीप गुहा, शाहीद खान, रविन्द्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला एवं कोच करणदीप सग्गु उपस्थित रहे । जिला क्रिकेट संघ की ओर से गोविंद वर्मा, आलोक साव,सुशील चौहान एवं संतोष झा उपस्थित रहे। उक्त जानकारी केदार ठाकुर ने दी है।

### 5 आकस्मिक ....

आचार्य, इश्तियाक मीर, हरिप्रिया, पांडे और मर्सी स्वर्णा रानी सम्मानित हुए । वहीं आकाशवाणी रायपुर से भावना शर्मा, शशांक खरे, श्याम वर्मा और परसराम साहू सम्मानित किये गए। इस मौके पर विविध भारती की उद्घोषक शेफाली कपूर उपस्थित थीं।

### क्षति का आंकलन कर ...

सरपंच- ग्राम सचिव के माध्यम से ग्रामीणों को सचेत किया जाए और सुरक्षित इलाकों में पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि हमे बाढ़ प्रभावितों के लिए संवेदनशील होकर राहत और आरबीसी 6-4 के प्रकरण तैयार कर कार्य करने की जरूरत है। सभी प्रभावित अनुभागों द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता से किया जाए और भी अधिकारी फील्ड में लगातार निगरानी रखकर समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा,जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर प्रतीक जैन,वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता जीआर रावटे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### खेल दिवस की 400 ....

एंजल साहू ,द्वितीय शांभावी महंत ,तृतीय तेजल देवांगन। बालक वर्ग में प्रथम शिवेश सिंह, द्वितीय संक्षिप्त ठाकुर , तृतीय जेवियर , 10 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम नव्या साहू ,द्वितीय अनुकृति कश्यप ,तृतीय सृष्टि साहा, बालक वर्ग-प्रथम तेजस नायर, द्वितीय जे नीवीन कृष्णा, तृतीय परीक्षित, 12 वर्ष बालिका वर्ग-प्रथम कु अनमोल गौतम, द्वितीय समीक्षा सिंह, तृतीय यशस्वी सिंह ,बालक वर्ग में प्रथम चिराग ठाकुर, द्वितीय वरिका इमानुएल, तृतीय अभ्युदय देव, 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम जे सतीश्वरी, द्वितीय अंशिका कुरील तृतीय अन्या सलीम , बालक वर्ग-प्रथम खुशवंत पाण्डेय , द्वितीय हिमांशु परिया , तृतीय यशराज ठाकुर, 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम येजीना श्रेया सुना, द्वितीय ग्रेसी नायर, तृतीय अदया महंत, बालक वर्ग में प्रथम वेदांत साहू, द्वितीय गीतांशु साहू तृतीय हेमंत ठाकुर , निर्णायक-ममता पांडे, के ज्योति, गुरप्रीत कौर, मार्कण्डेय सिंह, एम प्रशांत नायडू व आनंदिता सिंह रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित ग्रामीणों को दिए राशन सामान व घरेलू वस्तुएं



**दंतेवाड़ा।** आज जिले में विगत दिवस हुए भारी बारिश के बाद हुई क्षति से प्रभावितों को प्राथमिक राहत देने के उद्देश्य के तहत ग्राम फुंडरी बड़े तुमनार, बिंजाम, सियानार, बड़ेसुरोखी में राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुजाम, तथा जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा दी जाने वाली हर संभव मदद हेतु आश्वस्त किया गया।

### जिले में 1169.8 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 1169.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 1352.2 मिमी. औसत वर्षा गंगालूर में दर्ज की गई है। इसी तरह बीजापुर में 1350.6 मिमी. वर्षा, भैरमगढ़ में 1321.2 मिमी. वर्षा, कुटरू में 1265.1 मिमी. वर्षा, उसूर में 959.6 मिमी. वर्षा एवं भोपालपटनम में 770.2 वर्षा दर्ज की गई है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाई गई बलराम जयंती



**गीदम।** कृषि विज्ञान केंद्र केवीके दंतेवाड़ा एवं जिला कृषि विभाग डीडीए के संयुक्त तत्वावधान में आज डीडीए कार्यालय परिसर में बलराम जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में ओम प्रकाश वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके दंतेवाड़ा ने किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती एवं मत्स्य पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की सेहत सुधरती है, खेती की लागत कम होती है तथा किसानों की आय में वृद्धि संभव है। साथ ही उन्होंने दंतेवाड़ा में हाल ही में आई बाढ़ की स्थिति को देखते हुए किसानों को समसामयिक कृषि सलाह भी दी, जिससे किसान अपनी फसलों की सुरक्षा और प्रबंधन कर सकें। इसके बाद डॉ. प्रवीण कुमार निषाद, विषय वस्तु विशेषज्ञ केवीके दंतेवाड़ा ने किसानों को खेती में कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी।

# केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी ने जिले के विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

बीजापुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला अन्बलगन पी ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल

- बच्चों को विडियो विजुअल के माध्यम से सशक्त करने के दिए निर्देश

बीजापुर में एस्ट्रोनॉमी लैब का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा लैब में उपलब्ध उपकरणों के उपयोग संबंधी जानकारी दी जिसमें ग्रह, नक्षत्रों,



ज्वालामुखी, भूकंप, खगोलीय घटनाएं सहित फिजिक्स, कैमिस्ट्री हेतु उपलब्ध उपकरण एवं उपयोग के बारे में बताया गया। जिस पर अन्बलगन पी ने बेहतर शिक्षण व्यवस्था तथा बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताते हुए और भी सशक्त माध्यम से पढ़ाने विडियो, विजुअल दिखाने के निर्देश दिए।

सेन्ट्रल लाईब्रेरी में वीआर सेट के माध्यम से देखे विडियो, एस्ट्रोनामी लैब के पश्चात सेन्ट्रल लाईब्रेरी में पुस्तकों के रख-रखाव, लाईब्रेरी का संचालन सहित कम्प्यूटर, प्रशिक्षण प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों की तैयारी का भी जायजा लिया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए अत्याधुनिक सेन्ट्रल लाईब्रेरी के गेमिंग जोन, वीआर सेट, टेलिस्कोप का अवलोकन कर वीआर सेट से विडियो भी देखे। गारमेंट फैक्ट्री में रोजगारमूलक योजनाओं की तारीफ करते हुए उनके संचालन की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान जिला प्रशासन द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन कर रोजगार मूलक गतिविधियों के संचालन हेतु जिला प्रशासन के अनुकरणीय पहल बताते हुए गारमेंट फैक्ट्री के संचालन कार्यरत श्रमिको के मानदेय संबंधी जानकारी ली। ज्ञात हो कि बीजापुर के गारमेंट फैक्ट्री में महिलाओं के रोजगार हेतु स्थापित किया गया है। जिसमें दो सौ से अधिक महिलाएं वर्तमान में कार्यरत हैं।

नक्सल पीड़ित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता देते हुए रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें अप्रशिक्षित एवं प्रशिक्षित महिलाओं को अलग-अलग मानदेय एवं अन्य सहायता प्रदान किया जाता है। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चैबे सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर फसल व संपत्ति की बर्बादी देखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

चित्रकोट विधानसभा में दरभा मण्डल के ग्राम पंचायतों डोडरेपाल, डिलमिली, काटाकांदा, छेपड़ागुड़ा, व चितापुर सहित अन्य गांवों में बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए स्थानीय विधायक विनायक गोयल ने आज एक विशेष दौरा किया। इस दौरान विधायक गोयल ने बाढ़ से प्रभावित सड़कों, पुलियों, डेम और किसानों की फसलों का मुआयना

- ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना

किया और वहां के निवासियों से बातचीत की। विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनके पुनर्निर्माण व राहत कार्यों में पूरी तरह से मदद करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने बाढ़ के प्रभावों को जल्द से जल्द कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है और



प्रभावित क्षेत्र में सहायता सामग्री पहुंचाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। विधायक गोयल ने बताया बाढ़ के कारण जिन गांवों में सड़कें, पुलिया, डेम और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रभावित हुए हैं उनके मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। हम जल्द ही इस काम को शुरू करेंगे और ग्रामीणों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाएंगे। साथ ही विधायक ने किसानों के फसलों का भी निरीक्षण किया। बाढ़ के कारण खड़ी फसलें नष्ट हो चुकी हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। इस पर विधायक गोयल ने कहा किसानों के नुकसान की पूरी जानकारी एकत्र की जाएगी और उन्हें सरकार की तरफ से उचित मुआवजा दिया जाएगा। हम सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को इस मुश्किल समय में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने सरकार की तरफ से किए जा रहे राहत कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इस संकट से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे धैर्य रखें, क्योंकि सरकार उनकी हर संभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान विधायक के साथ दरभा ब्लॉक के अन्य अधिकारी और स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान का विस्तृत मूल्यांकन किया और आगे के कदमों पर चर्चा की।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष देवी प्रसाद वेंजाम, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, हरिप्रसाद कश्यप, जिला पंचायत सदस्य महादेव संपत्ति नाग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया, नारायण कुरानी, सरपंच ललिता नाग, सुखराम कश्यप, नकुल ठाकुर, पडरु मरकाम, गजम्बर सिन्हा, धर्मेंद्र ठाकुर, मुन्नू सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### प्रभावितों को दिया गया एक दिन का वेतन



दंतेवाड़ा। जिले में आये भीषण बाढ़ से जनमानस प्रभावित हुए हैं, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ हैं, कई घर तबाह हो चुके हैं, इस भयावह परिस्थिति को देखते हुए कर्मचारी अधिकारी संगठनों, छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए अपने एक दिन का वेतन सहयोग स्वरूप देने का निर्णय किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा भी सहयोग स्वरूप एक दिन का वेतन सहायता स्वरूप दिया जा रहा है। इस प्रकार उपरोक्त कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तहत दी जा रही सहयोग राशि अनुमानित लगभग डेढ़ करोड़ के लगभग होगी जो प्रभावितों को राहत सामग्री के रूप में प्रदाय की जाएगी। इस दौरान जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अरविंद यादव, जिला महामंत्री, दिलीप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अबंस्ट, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष संजय सिंह, जिला संचालक अशोक नाग, संतोष मिश्र, उदय शुक्ला सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# युवा जागृति क्लब सुकमा बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में मेजर ध्यानचंद के खेल जगत में अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए प्रतिवर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को व्यापक व भव्य रूप से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर जिले में 28 व 29 अगस्त को दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया। शुक्रवार को फाइनल मैच झापरा और युवा जागृति क्लब सुकमा की मध्य हुआ। इसके साथ ही जिले में संतोष ट्राफी में प्रदर्शन करने वाले सोयम ब्रह्मा वरिष्ठ खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

विजेता टीम को नगर पालिका परिषद् सुकमा अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों ने युवा जागृति क्लब सुकमा टीम को 5 हजार का पुरस्कार वितरण किया।

साथ ही सभी खिलाड़ियों सहित जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिटनेस गतिविधियों हेतु शपथ लिया। खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सुकमा, खेलो इंडिया, दुब्बाटोटा, युवा जागृति क्लब सुकमा, और पावारास सहित कुल चार टीमें शामिल हुए।

# प्रभारी सचिव और कलेक्टर ने जिला अस्पताल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

जिले के प्रभारी सचिव श्यामलाल धावड़े ने शनिवार को जिला चिकित्सालय सुकमा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना और मरीजों को और बेहतर सेवाएँ सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर ने ओपीडी, जनरल वार्ड, एमसीएच बिल्डिंग, ब्लड बैंक और पोषण पुनर्वास केंद्र का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों, उपचार व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने सामान्य वार्ड में भर्ती मरीज से बातचीत कर स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उनसे वार्ड में नियमित भोजन और फ्री में दवा मिलने के बारे में पूछताछ की। प्रभारी सचिव ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और बिजली की व्यवस्था पूर्णतः दुरुस्त रखी जाए। मरीजों को किसी भी स्तर



पर दवाइयों की कमी न हो। खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा आवश्यक नए उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रभारी सचिव ने विशेष रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर कुपोषित बच्चों को नियमित रूप से भर्ती करने और उनके पोषण एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, अस्पताल परिसर में शौचालयों की नियमित सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह, सिविल सर्जन डॉ. एमआर कश्यप सहित अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ छिंदबहार स्कूल में खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया और 29अगस्त को खेल कराया गया। खेलों में से 100, 200मीटर दौड़,गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, कबड्डी,खोखो आदि खेल बच्चों को ग्रुपों में बांटकर कराया गया।



इस राष्ट्रीय खेलकूद में निर्णायक भूमिका में प्राचार्य बुधराम कश्यप, व्याख्याता डॉ. तुलादास मानिकपुरी, प्रमोद कुमार मरावी थे। इस अवसर पर प्राचार्य बुधराम कश्यप ने बताया कि प्रतिवर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है। आगे कश्यप ने बताया कि 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम को स्वर्ण पदक जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। व्याख्याता डॉ तुलादास मानिकपुरी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस का विशेष महत्व को बताया और कहा कि सभी कुछ ना कुछ खेल खेलना चाहिए। व्याख्याता मनोहर सिंह बरनाला ने बताया यह दिन युवाओं को खेलों में करियर बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। व्याख्याता प्रमोद कुमार मरावी ने बताया और कहा इस दिन, भारत सरकार राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, जैसे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद पुरस्कार, खिलाड़ियों और कोचों को प्रदान करती है। अंत में विजयी खिलाड़ी छात्र छात्राओं को ईनाम में कापी पेन देकर प्रोत्साहित और उत्साहित किया गया।

इस अवसर पर दीनबंधु नाग, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. लुदरसन कश्यप,उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, दिनेश नाग, देवचन्द सेठिया हेमंत मांझी जगन्नाथ समरथ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अतिथि व्याख्याता में दूसरे प्रदेश के युवाओं की नियुक्ति, जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

राज्य के कॉलेजों में दूसरे प्रदेश के युवाओं को अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति देने पर बवाल मचा हुआ है। इससे छत्तीसगढ़ के युवाओं में भारी नाराजगी है।

छत्तीसगढ़ अतिथि व्याख्याता संघ ने कॉलेजों में हुई नियुक्ति में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। संघ ने प्राचार्यों पर मनमानीपूर्ण तरीके से नियुक्ति देने का आरोप लगाया है, इसकी शिकायत भी उच्च शिक्षामंत्री, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रदेश में बहुत से विधायकों से किया गया है। मामला तूल पकड़ते देख उच्च शिक्षामंत्री टंक राम वर्मा ने अतिथि व्याख्याता संघ के पदाधिकारियों से शनिवार को मुलाकात की।



मंत्री ने कहा कि स्थानीय युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जारी भर्ती प्रकिया में रोक लगाने और पूरे मामले की जाँच कराने का आश्वासन दिया। मंत्री के निर्देश के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने संभागवार जाँच कमेटी गठित कर दिया है। साथ ही जारी भर्ती प्रकिया में रोक लगाने का आदेश भी जारी कर दिया है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग की ओर से दो आदेश जारी किए गए हैं। पहला आदेश भर्ती प्रकिया पर रोक लगाने, जाँच समिति गठन करने सदस्यों को लेकर और दूसरा आदेश भर्ती प्रकिया पर रोक लगाने को लेकर है। विभाग ने 7 दिनों के भीतर जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है वहीं जिन कॉलेजों में नियुक्ति हो गई उस पर रोक नहीं होने की बात कही है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश पर संघ के अध्यक्ष लव वर्मा का कहना है कि उच्च शिक्षा विभाग का आदेश समझ से परे है।

जांच समिति में प्राचार्यों को शामिल किया गया है। जबकि हमने आरोप लगाया है कि प्राचार्यों की मनमानी के चलते ही छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में कॉलेजों में नियुक्ति दूसरे प्रदेश के युवाओं को दे दी गई है, उसे भी स्थगित किया जाना चाहिए।

# किरंदुल परियोजना ने दी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरन्दुल

किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के कुशल निर्देशन एवं केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन से परियोजना प्रबंधन द्वारा दंतेवाड़ा जिले के बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 28 अगस्त को किया गया। राहत सामग्री के लिए बनाए गए पैकेट, जिसमें कंबल, चादर, पैंट, टी-शर्ट, साड़ी इत्यादि सामग्री रखी गई हैं, का वितरण किरंदुल परियोजना द्वारा



किया गया है। परियोजना की ओर से बाढ पीड़ितों को राहत सामग्री पैकेट मो. तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक मा.सं., अभिजीत घोष, सहा.महाप्रबंधक मा.सं., विवेक कुमार रक्शा वरि.प्रबंधक सीएसआर एवं पारितोष तिवारी सहा.प्रबंधक मा.सं. के द्वारा वितरित किए गए।

ज्ञात हो कि एनएमडीसी अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को सदैव निभाते हुए हमेशा ऐसे कार्यों में पीड़ितों के लिए तत्पर रहती है। इस वर्ष दंतेवाड़ा जिले में आकस्मिक भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई जिससे जिले के विभिन्न इलाकों में काफी गंभीर स्थिति हो गई। इस प्राकृतिक आपदा से पीडितों को बाढ़ से राहत पहुंचाने के लिए राहत सामग्री पैकेट एनएमडीसी किरंदुल परियोजना प्रबंधन द्वारा जिला प्रशासन दंतेवाड़ा को वितरण हेतु सौंपा गया।

### प्रभावितों को मिले राशन किट व दैनिक उपयोग की वस्तुएं



**दंतेवाड़ा।** जिला मुख्यालय के भटटी पारा वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में आज विधायक चैतराम अटामी द्वारा 64 अतिवृष्टि प्रभावित परिवारों को राशन किट सहित कंबल, कपड़े इत्यादि जरूरत के सामान का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि जिले में अतिवृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित 4, 5,2 एवं 11 वार्ड के रहवासी परिवार हुए है। जिनके लिए जिला प्रशासन द्वारा तुरंत राहत कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया।

# बच्चों के बीच हुई कबड्डी, खो खो, कुश्ती, लंगड़ी दौड़ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में विद्यालय स्तरीय खेलकूद एवं संस्कृति महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में

- प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को किया पुरस्कृत

भागीरथी यादव, संतोष कुमार, आलेंद्र कुमार उपस्थित रहे। मां भारती, ओम व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ श्रीफल व तिलक वंदन करके किया। पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ



हुआ कार्यक्रम की शुरुआत में हरी झंडी मुख्य अतिथि ने दिखाई कबड्डी ,खो खो , कुश्ती ,जलेबी दौड़ लंगडी दौड़ ,बोरा दौड़ , फुगड़ी 100 , 200 , 400, 600, 800 मीटर दौड़, गोला फेक, तवा फेक, ऊंची, लंबी कूद, भाला फेंक का आयोजन हुआ। संस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली, एकल भजन, गीत, वंदे मातरम गायन, गीता पाठ, प्रश्नमंच, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनो को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विजयी प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व बौद्धिक प्रतियोगिता नितांत आवश्यक है यह बच्चों का सर्वांगीण विकास कर स्वास्थ्य व बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है। साथ ही खेलकूद एवं व्यायाम से बच्चों का शरीर स्वस्थ रहता हैं। अतिथियों ने कहा कि जिस तरह से मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर के रूप में पूरे संसार में छाए रहे और तीन बार ओलंपिक में देश को सम्मानित करवाया। आप लोग भी जिला, राज्य, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खेल में आगे जाकर अच्छा प्रदर्शन कीजिए जिससे माता-पिता, विद्यालय और नगर का नाम रोशन होगा। भारत माता की आरती व प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# प्रभारी सचिव ने निर्माणधीन पुल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के अवलोकन हेतु पहुंचे जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सारांश मित्तर ने भैरमगढ़ ब्लॉक के फुंडरी में निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि उक्त पुल का निर्माण अब अंतिम स्तर पर है। नारायणपुर और बीजापुर से आवागमन सुगम होगी वहीं दोनो जिले के दर्जनों गावों और ग्रामीणों को बहुत राहत मिलेगी। डॉ. सारांश मित्तर ने कार्यो में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्वक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चैबे सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

न्यायालय तहसीलदार भानपुरी
जिला-बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/क/तह./जन्म-मृत्यु/2025 भानपुरी दिनांक 25/08/2025

// उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमारू पिता चितू जाति भतरा निवासी ग्राम केशरपाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने भाई आसमन पिता चितू की मृत्यु दिनांक 21/05/2018 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 08/09/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

## खबर संक्षेप

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

**दन्तेवाड़ा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ 31 अगस्त को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी, जिससे लोग भी जुड़ सकेंगे।

### पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी : प्राचार्य



**जगदलपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में खेल दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस भारत के महान हॉकी खिलाड़ी हाकी के जादूगर और भारत को कई ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए आवश्यक हैं बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करते हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और जीवन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने की प्रेरणा दी।

### शमक और आईआईटी भिलाई में नवाचार को लेकर एमओयू



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, में गुरुवार को इनोवेशन, स्टार्टअप एंड बिजनेस ऑपर्च्युनिटीज विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल रही। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो राजीव प्रकाश,प्रो संतोष बिश्वास डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट आईआईटी भिलाई,डॉ.सौरादयुति पॉल विभागाध्यक्ष सीएसई तथा डॉ. विष्णु वैभव त्रिवेदी, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी,आईआईटी भिलाई,उपस्थित रहे। प्रो. राजीव प्रकाश ने इनोवेशन एंड स्टार्टअप विषय को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संगम आवश्यक है। छत्तीसगढ़ ज्ञान की भूमि है और जब आईआईटी जैसे संस्थानों के विद्यार्थी कृषि की ओर बढ़ते हैं, तो यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है,लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी बहुत कम विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियाँ मिल पाती हैं। ऐसे में युवाओं को कौशलआधारित कार्य एवं स्टार्टअप की ओर अग्रसर होना होगा।

# जिला प्रशासन में आपदा प्रभावितों के खातों में पहुंचाई 19129000 राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दन्तेवाड़ा



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार अतिवर्षा पीड़ितों को तात्कालिक राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन मिशन मोड में जुटा हुआ है फिर चाहे वह फसल, पशु, मकान क्षति के मुआवजा प्रकरण हो या फिर पेयजल, चिकित्सा या विद्युत व्यवस्था बहाल करना हो। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके तहत बाढ़ प्रभावित समस्त गांव में मकान क्षति, फसल क्षति, पशु हानि एवं जनहानि का सर्वेक्षण कर लिया गया है तथा आंशिक एवं पूर्ण मकान क्षति का ग्राम बड़े तुमनार, बांगापाल, बालपेट एवं बालूद का 1,91,29,000 रूपये का मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा चुका है।

उक्त प्रकरण में से ग्राम बालपेट में 19 लोगों के खाते में कुल 22,80,000 रूपये तथा गीदम तहसील अंतर्गत ग्राम बड़े तुमनार में 46 प्रभावितों को एवं ग्राम बांगापाल में 68 प्रभावितों को कुल 114 प्रभावितों को 93,93,000 रूपये डीबीटी के माध्यम से प्रभावितों के बैंक खातों में वितरण किया गया है। शेष सभी प्रभावित ग्रामों में प्रभावितों को फसल क्षति, मकान क्षति, पशु हानि एवं जनहानि की मुआवजा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है और शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

इस क्रम में आज ग्राम बालपेट में डेमो चेक वितरण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुजाम, जनपद पचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे। ज्ञात हो कि 26 अगस्त को जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अतिवृष्टि के कारण निर्मित बाढ़ आपदा से कुल 27 गांव प्रभावित हुए। जिसमें तहसील दंतेवाडा अन्तर्गत ग्राम बालपेट, बालूद, चितालंका, दंतेवाड़ा एवं नेटापुर तहसील गीदम अन्तर्गत ग्राम हारम, बांगापाल, फुण्डरी, बोदली, बिंजाम, झोड़ियाबाड़म, सियानार, समलूर, बड़े सुरोखी, बडे तुमनार एवं कारली। तहसील बारसूर अन्तर्गत ग्राम हितामेटा, नेउरनार, नेलगोड़ा, मुचनार, छिन्दनार, मुस्तलनार, गुमलनार, पुरनतरई, एवं इड़पाल।

तहसील बडेबचेली अन्तर्गत ग्राम गंजेनार, एवं कड़मपाल मुख्य रूप से प्रभावित हुए। इसके अलावा अन्य कुल ग्राम भी आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं।

### 24 घंटे स्वास्थ्य शिविर ना होने से सीएमएचओ पर हुए नाराज

# राहत शिविरों में अव्यवस्था से नाराज हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- दंतेवाड़ा, बांगापाल, बड़े तुमनार और बालपेट में प्रभावितों से मिले दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शनिवार को दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। वे राहत शिविर और दंतेवाड़ा शहर के सुरभि कालोनी और आवंराभाटा भी पहुंचे। जहां बाढ़ से नुकसान हुए घर, मकान और दुकानों को देख चिंता जाहिर करते सरकार को नुकसान का मुआवजा तत्काल देने की जरूरत बताया। बांगापाल, बालपेट ,बड़े तुमनार और दंतेवाड़ा के बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर उन्होंने उनकी समस्या को सुनकर हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। उनके साथ पूर्व विधायक देवती कर्मा,छविन्द्र कर्मा, तुलिका कर्मा, बिरेंद्र गुप्ता, शकील रिजवी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। रोते बिलखते गरीब ग्रामीणों की हालत देखकर उन्होंने कहा कि इस भीषण बाढ़ ने सब कुछ छीन लिया। एक महिला ने अपनी दुखड़ा सुनाते कहा कि बच्चों के कपडे.लत्ते, राशन सामान और कापी किताब सब कुछ बारिश में बह गया। एकमात्र छोटा सा दुकान रोजी रोटी का साधन था वह भी बारिश ने छीन लिया। महिला ने जमीन में मिल चुकी मकान को दिखाते हुए कहा कि अब ना झोपड़ी बचा हैं न दुकान। दुकान में रखा पूरा सामान बारिश में बह गया। रोज खाने के लिए जो 100, 200 रूपये कमाई होता था वह भी अब नही होगा। अब आगे की जिन्दगी कैसे कटेगी इसकी चिंता है। बच्चे बिना कपड़े और कापी किताब के स्कूल कैसे जाएंगे और पढ़ाई कैसे करेंगे यह भी बड़ी समस्या सामने है । रोती बिखलती महिला को ढांढ़स बंधाते दीपक बैज ने कहा सरकार से नुकसान का पूरा पैसा मिले साथ ही दुकान और घर बनाकर सरकार आर्थिक मदद करे इसके लिए कांग्रेस पूरा काम करेगी। उन्होंने देखा कि जो कपड़े महिला और बच्चों ने पहन रखा है उसे छोड़कर घर का पूरा सामान पानी में बह गया है ।

#### नहीं चाहिए 4 हजार वापस करेंगे

बीजापुर मार्ग पर स्थित बांगापाल के राहत शिविर में एक ग्रामीण ने मुआवजा को अपर्याप्त बताते कहा कि 4-4 हजार प्रभावितों को दिया गया है इससे क्या होगा जबकि मकान पूरा ढह गया और फसल भी पूरा बर्बाद हो गया। नाराज होते ग्रामीण ने कहा कि 4 हजार रूपये प्रशासन को वापस कर देंगे।

#### स्थायी स्वास्थ्य शिविर जरूरी

गांव और राहत शिविरों में बीमार लोगों के ईलाज के लिए कुछ घंटो के लिए दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा को अपर्याप्त बताते दीपक बैज ने सीएमएचओ दंतेवाड़ा को मोबाईल पर कहा कि स्थायी रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए तभी सही ईलाज हो पाएगा। उन्होंने कहा अब बाढ़ उतरने के बाद संक्रमण के कारण बिमारी फैलने का खतरा रहता है । इसलिए ग्रामीणों का खून आदि जांच कराना भी जरूरी है । उन्होंने दंतेवाड़ा रेस्ट हाउस के पीछे रहने वाले मंगल कश्यप की बिमार पत्नी का ईलाज करवाने को कहा । सीएमएचओ ने सभी जगह स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की बात कही ।

## शहर के सभी चौक-चौराहों में घूम-घूम कर मोदी की गारंटी की खोज अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन 13 वें दिन भी जारी

एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा जिला बस्तर के अधिकारी कर्मचारी द्वारा नियमितीकरण, सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन 13 वें दिन जारी रहा और आंदोलन तेज हो गया है। जिले के सैकड़ों कर्मचारी भी प्रतिदिन धरना स्थल पर उपस्थित रहकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर समस्त एनएचएम के कर्मचारी द्वारा शहर के समस्त मेन मार्केट, चौक-चौराहा में जाकर अपनी मांगों को लेकर मोदी की गारंटी का खोज अभियान चलाया, जिसने सभी व्यापारी वर्ग दुकानदार लोगों के साथ अपनी बातों को बताया। हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई अस्पतालों में ताले लटक गए हैं, मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन प्रसव सेवाएं पूरी तरह एवं ऑपरेशन ओटी पूरी तरह बंद हो गई हैं। उप स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य इकाइयों में भी ताले जड़े हुए हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदतर हो गई है। एनएचएम कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण किया जाएगा, पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन और निवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

## वाद विवाद प्रतियोगिता में जगदलपुर ब्लाक रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- 3 विजेताओं को नगद ईनाम और ट्राफी दी गई

जिला साक्षरता मिशन के तत्वावधान में शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और सड़क सुरक्षा को लेकर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में प्रथम जगदलपुर विकासखंड, द्वितीय बस्तर एवं तृतीय स्थान तोकापाल ने प्राप्त किया।विजेता टीमों को 7000, 5000 और 3000 का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा 4 विकासखंडों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

बताया गया कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम अब संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिला बस्तर का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, डीएसपी यातायात संतोष जैन, सुशंता लकड़ा, अखिलेश मिश्रा, राकेश, शिक्षा विभाग, यातायात विभाग, निर्णायकगण, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## कला में छिपे विज्ञान को भी समझना जरूरी : प्रो राजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेशन एवं कला अर्चनाआर्ट स्टूडियो द्वारा तीन दिवसीय हस्तशिल्प एवं कला मेला का वृहद आयोजन किया गया है। 'बस्तर मेरी नजर से' थीम पर दलपत सागर के पास बस्तर आर्ट गैलरी में लगा यह मेला शनिवार शाम तक चलेगा।

इस आयोजन में युवा कलाकारों ने इनोवेशन, स्टार्टअप एवं उद्यमिता के उद्देश्य से हस्तकला एवं शिल्प से जुड़े प्रोडक्ट के कई आकर्षक स्टॉल भी लगाए हैं। लोग कला के नए क्रिएटिव प्रोडक्टों की सराहना कर रहे हैं। आयोजन में आईआईटी, भिलाई टीम की विशेष उपस्थिति रही। शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्कूलों के 400 से अधिक बच्चों ने बस्तर को लेकर अपनी कल्पनाओं और आसपास देखे प्राकृतिक व दैनिक गतिविधियों को अपने कूचियों, पेंसिलों और स्कैच पेन से कागज पर जीवंत किया।

इससे पहले गुरूवार शाम हस्तकला व शिल्प मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि हमें भारतीय कला में जो विज्ञान छिपे हैं और उसमें जो मैसेज छिपे हैं उसे समझने का प्रयास करना है। बस्तर के कला के क्षेत्र में काम किए जाने की कई संभावनाएं हैं। हमें हर काम को अब नए ढ़ंग से करने की जरूरत है। प्रो. राजीव ने कहा कि हमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रोसेस को जनजातीय समाज से सीखना चाहिए। ट्राइबल कल्चर ही भारतीय कल्चर है। बस्तर क्षेत्र की तारीफ करते हुए प्रो राजीव ने कहा कि बस्तर सभी को भाने लायक है। उन्होंने कहा कि स्थान के नाम से आईआईटी भिलाई कहा जाता है पर इसे आप आईआईटी छत्तीसगढ़ समझें। यह संस्था सभी क्षेत्र के लिए कार्य करने को संकल्पित है। आईआईटी भिलाई द्वारा बस्तर क्षेत्र में कई प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। बस्तर क्षेत्र के युवा आईआईटी भिलाई और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से कभी भी जुड़ सकते हैं। इससे पहले प्रो राजीव ने फैकल्टी और विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए अच्छे विजन के प्रोजेक्ट के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को पांच करोड़ फंडिग उपलब्ध कराने की बात कही।

## मछुआ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भूपेश बघेल सरकार में राज्य मछुआ बोर्ड के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ कांग्रेसी एम.आर.निषाद का देहांत आज हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा रविवार को दोपहर 12 बजे गृह निवास वृंदावन कालोनी से खड़गघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

उनके पार्थिव शरीर को जनदर्शन के लिए निषाद समाज भवन बलीराम कश्यप वार्ड में रखा गया। वे निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। राजमिस्त्री से मछुआ बोर्ड के अध्यक्ष पद तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## विधायक ने चंद्रगिरी में 260 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



शनिवार को दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चंद्रगिरी में तेंदुपत्ता संग्राहकों को सम्मानित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर 260 हितग्राहियों को चरण पादुका वितरित की गई, जो तेंदुपत्ता तोड़ने के कार्य में लगे हुए हैं। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय विधायक विनायक गोयल के नेतृत्व में हुआ, जिन्होंने तेंदुपत्ता संग्राहकों की मेहनत और समर्पण को सम्मानित किया।विधायक विनायक गोयल ने कहा, तेंदूपत्ता संग्राहक हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनकी कड़ी मेहनत से न केवल वन संसाधनों का दोहन होता है, बल्कि इनकी मेहनत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होती है। आज हम इन संग्राहकों को सम्मानित कर यह संदेश देना चाहते हैं कि सरकार उनके योगदान को पहचानती है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय श्री विष्णु देव सायं, सांसद, ने तेंदुपत्ता संग्राहकों के योगदान को सराहा और कहा तेंदुपत्ता हमारे राज्य की एक महत्वपूर्ण संसाधन है, और इन संग्राहकों का कार्य अत्यधिक चुनौतीपूर्ण होते हुए भी देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। मैं विधायक विनायक गोयल को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। जिन्होंने इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को सम्मान देने का संकल्प लिया।

विधायक गोयल ने इस अवसर पर विष्णु देव सायं को धन्यवाद देते हुए कहा सायं जी के मार्गदर्शन और समर्थन से इस क्षेत्र के तेंदुपत्ता संग्राहकों को उचित मान-सम्मान मिल पा रहा है। उनका योगदान हमेशा अमूल्य रहेगा, और हम मिलकर इस क्षेत्र के विकास के लिए और भी कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की गई जो उनके कार्यों में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी हिस्सा लिया और तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष देवि प्रसाद वेंजाम, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, हरिप्रसाद कश्यप, जिला पंचायत सदस्य महादेव संपत्ति नाग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया, नारायण कुरानी, सरपंच ललिता नाग, सुखराम कश्यप, नकुल ठाकुर, पडरु मरकाम, गजम्बर सिन्हा, धमेंद्र ठाकुर, नेहाँसू सिंह, पत्रकार मुन्नु सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## दंतेवाड़ा में एएम व एनएस इंडिया का राहत अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

### अब तक 2000 से अधिक राहत किट वितरित



दंतेवाड़ा में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति से दंतेवाड़ा जिले के कई गांव प्रभावित हैं। कई स्थानों का संपर्क मुख्यालय से कट गया है और ग्रामीणों को आवासीय व दैनिक जीवन की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में एएमव एनएस इंडिया ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया है।

***पहले दिन की पहल***

गुरुवार को जिला कलेक्टर कुनाल दुडावत, सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पत्रे, विधायक चैतराम अटामी, तहसीलदार गोवर्धन साहू, एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन, जीएम एएम व एनएस इंडिया आईवीवीएस प्रसाद तथा सीएसआर टीम के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राहत सामग्री प्रशासन को सौंपी गई। इस दौरान सैकड़ों प्रभावित परिवारों तक किट पहुँचाई गईं।

***दूसरे दिन की कार्यवाही***

शुक्रवार को भी राहत अभियान जारी रहा। जिला प्रशासन के समन्वय से दंतेवाड़ा शहर व आसपास के वार्डों में जरूरतमंद परिवारों को राहत किटें वितरित की गईं। इस मौके पर जीएम एएम व एनएस इंडिया प्रसाद स्वयं उपस्थित रहे और जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर वितरण कार्य की निगरानी की।

दो दिनों में एएम व एनएस इंडिया द्वारा जिला प्रशासन को कुल 2000 राहत किट सौंपे जा चुके हैं। इन किटों में प्रभावित परिवारों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए कंबल, गाउन, निकर और टी-शर्ट जैसी उपयोगी सामग्री शामिल है। यह सहायता विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए राहत का बड़ा साधन साबित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने राहत सामग्री मिलने पर प्रशासन और कंपनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से उत्पन्न कठिनाई के बीच यह सहयोग उनके लिए बड़ी मदद और उम्मीद लेकर आया है। एएम व एनएस इंडिया लंबे समय से सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित समुदायों की मदद करता रहा है। दंतेवाड़ा में जारी राहत अभियान इसी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

## पीपल्स केयर ने पर्यावरण को दिया तोहफा, किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्रकृति और इंसान के बीच के अटूट रिश्ते को दर्शाते हुए, पीपल्स केयर संस्था के प्रांत सचिव किशोर जाधव ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण के नाम समर्पित किया। उन्होंने आज लाल बाग में संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर पीपल का पौधा लगाया और उसे पूरी आस्था के साथ बड़ा होने तक सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। यह पहल सिर्फ एक वृक्षारोपण नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगेंद्र कौशिक,अजय परमार, प्रमोद मोतिवाला,सुरेश गुप्ता,प्रांतअध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी,मासो राम और अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। संस्था के संरक्षक योगेंद्र कौशिक ने बताया कि पीपल्स केयर संस्था पिछले 10 वर्षों से पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय है। यह संस्था न केवल पौधे लगाती है, बल्कि उन्हें परिवारों के सदस्यों के नाम पर या किसी विशेष पारिवारिक दिन पर लगाकर एक यादगार रूप देती है।

